BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 04 अप्रैल 2024 थाना कोतवाली देहात

फुफा-भतीजे की हत्या में संलिप्त 02 हत्यारोपी गिरफ्तार, निशादेही पर आलाकत्ल चाकू, मृतक की स्कूटी व मोबाइल बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 31.03.2024 को राजीव गर्ग पुत्र बालकिशन गर्ग निवासी 141 ब्रहम्पुरी थाना कोतवाली नगर अपने फूफा सुधीर अग्रवाल पुत्र इंद्रसैन निवासी डीसीएम वाली गली गांधी चौक बुलन्दशहर के साथ एआरटीओ आफिस के पास स्थित जनसेवा केन्द्र से किसी कार्य के लिए निकले थे लेकिन घर नही पहुंचे। दिनांक 01.04.2024 को राजीव गर्ग व सुधीर अग्रवाल के शव थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत अडौली नहर के पास मिले थे। घटना के सम्बन्ध में वादी संजीव गर्ग की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 177/24 धारा 302,201 भादवि पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के शीघ्र खुलासे हेतु 05 टीमे गठित की गयी थी। जांच/छानबीन में तकनीकी साक्ष्यों व 200 सीसीटीवी कैमरों की सहायता से ऋषभ व उसके दोस्त तनु का नाम प्रकाश में आया जिनको आज दिनांक 04.04.2024 को स्वाट टीम व थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर अडौली नहर से आलाकत्ल चाकू, मृतक की स्कूटी, मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- ऋषभ उर्फ गौरव पुत्र हरिओम निवासी देवीपुरा शास्त्री पार्क थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

2- तनु पुत्र रमेश निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1- 01 आलाकत्ल चाकू,

2- अभियुक्तों के पहने हुए खून लगे कपड़े

3- मृतक की स्कूटी व मोबाइल फोन

गिरफ्तार अभियुक्त ऋषभ ने पूछताछ पर बताया कि वह मृतक राजीव गर्ग के जनसेवा केन्द्र पर कार्य करता है। मृतक राजीव पर उसके 80 हजार रुपये उधार थे तथा कुछ महीने का वेतन भी नहीं मिला था। राजीव से उसने कई बार अपने रुपये मांगे थे लेकिन वह दो-चार दिन में देने की बोलकर टाल देता था। करीब डेढ़ माह पहले दोनों में इसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। इस बात को लेकर वह क्षुब्द व बेहद आक्रोशित था तथा राजीव के पास आने वाले लोगों एक रहस्यमयी सिक्के के बारे में बाते करते रहते थे जिसको देश व विदेश में बेचने के लिए बाते की जाती थी। इन लोगों के बीच यह अन्धविश्वास था कि इस सिक्के की सहायता से मौसम को बदला जा सकता है तथा वर्षा भी करायी जा सकती है तथा मनचाही इच्छा पूरी की जा सकती है, जो बहुमूल्य है। दुनिया में इस प्रकार के कुल 26 सिक्के है। इसी लालच के कारण कि यह सभी पैसा उसे मिल जायेगा, ऋषभ द्वारा अपने दोस्त तनु को साथ मिलाकर उन्हें मारने की योजना बनाई गयी।

दिनांक 31.03.2024 को राजीव अपने जनसेवा केन्द्र पर नहीं आया था तो ऋषभ ने अडौली तिराहे पर स्थित एक चाय वाले के मोबाइल से फोन करके उसे जनसेवा केन्द्र पर बुलाया था तथा जब राजीव स्कूटी से कुछ कांगजात लेकर जाने लगा तो वह भी स्कूटी पर यह कहकर बैठ गया कि उसे भी रास्ते में कुछ काम है। योजनानुसार वह उन्हें अडौली नहर पर ले गया जहां रास्ते में नहर पर पहले से ही मौजूद अपने दोस्त तनु को भी स्कूटी पर बैठा लिया तथा कुछ दूरी पर जाकर दोनों ने राजीव पर पीछे से चाकू से वार कर दिया जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गयी तभी उन्होंने राजीव का गला रेत कर हत्या

कर दी। उसके बाद ऋषभ मृतक की स्कूटी लेकर दुकान पर गया और राजीव के फूफा सुधीर अग्रवाल को राजीव का एक्सीडेंट होने की बात बताकर अपने साथ ले गया तथा उनकी भी दोनों ने हत्या कर दी। अभियुक्त ऋषभ द्वारा मृतक राजीव के एटीएम से 5000 रुपये भी निकाले गये तथा हत्या के बाद आलाकत्ल चाकू, स्कूटी व फोन को नहर में फेंक दिया गया जिनको बरामद कर लिया गया है।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-

1. मौ0 असलम प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम
2. उ0नि0 शिवम तोमर
3. है0का0 मनोज दीक्षित, है0का0 अशोक यादव, है0का0 कपिल नैन, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अशोक चौधरी, है0का0 राहुल त्यागी, का0 सचिन चौहान, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 रोहित कुमार

गिरफ्तार करने वाली कोतवाली देहात पुलिस टीम-

1. श्री सोमवीर सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात
2. उ0नि0 शारिक बेग
3. है0का0 शीतल देव, का0 श्याम सुन्दर, का0 गौरव राणा, का0 बलजोर सिंह

मीडिया सेल बुलंदशहर